# स्वास्थ्य शिविर का मिला बेहतर रिस्पॉस, हर ब्लॉक में लगे स्वास्थ्य शिविर- मंत्री उमेश

- बर्रा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, 2700 से अधिक मरीज हुए लाभान्वित
- समाज कल्याण एवं महिला बाल विकास ने भी हितग्राहियों के लिए लगाया स्टॉल





**रायगढ़।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से विकासखंड खरसिया के ग्राम बर्रा में विकासखण्ड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 2700 से अधिक मरीज लाभान्वित हुए एवं गंभीर बीमारी के लक्षण वाले 303 लोगों को सर्जरी एवं उच्च चिकित्सा सेवा हेतु मेडिकल कालेज रायगढ़ एवं रायपुर के लिए रेफर हेतु चयनित किया गया है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल भी उपस्थित रहे।

उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा की स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों के करीब ले जाने के लिए विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आवश्यक है। पूर्व से यहां स्वास्थ्य शिविर का अच्छा रिस्पांस मिलता है, यही कारण है कि इस बार पहला स्वास्थ्य शिविर प्राथमिकता के साथ ग्राम बर्रा में लगाया गया जहां अनुमान से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविर में रजिस्ट्रेशन कर उसका लाभ उठाया, जो सराहनीय है। इसी को देखते हुए अन्य स्थानों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि आज के स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग का कार्य सराहनीय है।

जिला पंचायत अध्यक्ष निराकर पटेल ने कहा की शहीद नंदकुमार पटेल द्वारा पूर्व में वृहद स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रारंभ किया गया था, जिसमें लोग इसका लाभ लेते थे। जिस तरह से आज बड़ी संख्या में लोग यहां आए है, यह शिविर सफल हो गया।

जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा ने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री पटेल एवं कलेक्टर रानू साहू के निर्देशानुसार ग्राम बर्रा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जनरल मेडिसीन प्रदान के साथ संभावित दवाईयां उपलब्ध है। इसके अलावा मरीजों के लिए कैंसर, न्यूरोसर्जन, नेत्र एवं हड्डी रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहे। शिविर में दिव्यांगों के प्रमाणीकरण के लिए मेडिकल बोर्ड उपस्थित थे। सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने कहा की इस विशाल स्वास्थ्य शिविर में जिला प्रशासन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इसमें विभाग द्वारा स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवा प्रदान की जा रही है एवं जांच के माध्यम से रेफर करने लायक मरीजों की पहचान की जा रही है, ताकि उन्हें बेहतर सुविधा प्रदान की जा सके। विकासखण्ड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य शिविर में एमएमयू के माध्यम से चेकअप, बीपी, शुगर जैसे विभिन्न प्रकार के बीमारियों की जांच कर दवाई वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में अस्थि रोग, कैंसर रोग, हृदय रोग, मूत्र रोग, न्यूरोलॉजी, मेडिसीन विभाग, सर्जरी, स्त्री रोग, नेत्र रोग, शिशु रोग, चर्म रोग, मनोरोग, कान, नाक एवं गला, फिजियोथैरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट, वयो वृद्ध जांच के विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अवधराम पटेल, संतोषी राठिया, पूर्णिमा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष मेहतर उरांव, जनपद उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, सरपंच बर्रा उमा देवी राठिया, मनोज गबेल, अभय महंती, सुनील शर्मा, नेत्रानंद पटेल, सुखदेव डनसेना, जमील कुरैशी, एसडीएम अभिषेक गुप्ता, जनपद सीईओ हिमांशू साहू, डॉ.योगेश पटेल, महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी टी.के.जाटवर, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, बीएमओ अभिषेक पटेल, बीपीएम सूरज पटेल, समाज शिक्षा संगठक खरसिया-श्री तोखराम देवांगन एवं धरमजयगढ़ भुवनेश्वर सिदार, समाज कल्याण प्रभारी-श्री चितरंजन राठौर, यूडीआईडी तकनीकी सहायक वेदप्रकाश साव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**उच्च शिक्षामंत्री पटेल लोगों से मिलकर जाना उनका हाल चाल, प्रदान किया सहायक उपकरण-** उच्च शिक्षा मंत्री ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर लोगों से मिले एवं उनका हाल चाल जाना। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं को भी सुना एवं उसके निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होने दिव्यांग बच्चों एवं उनके परिजनों का स्वागत किया और उनके परिजनों को हरसंभव मदद की बात कही। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों के बाधारहित आवागमन हेतु ट्रायसायकल, छड़ी, व्हील चेयर, वाकर, श्रवण यंत्र भी वितरित किये।

**दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं यूनिक कार्ड तथा मानसिक दिव्यांग बच्चों कोकिया गया ड्रेस किट का वितरण-** विकास खण्ड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य एवं दिव्यांगजन प्रमाणीकरण शिविर में खरसिया एवं धरमजयगढ़ अंचल के 200 से अधिक दिव्यांगजनों का मेडिकल बोर्ड के माध्यम से परीक्षण कराकर 52 दिव्यांगजनों को मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। 60 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को स्पेशल छड़ी उपलब्ध कराई गई। मानसिक रूप से अविकसित, ऑटिज्म एवं सेरेब्रल पल्सी से पीड़ित दिव्यांग बच्चों के लिए राष्ट्रीय फैशन प्रोद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली के समन्वय से स्पेशल रूप से तैयार ड्रेस किट प्रदाय किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग से मुख्यमंत्री पेंशन योजना के 05 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं 10 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड का वितरण किया गया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण

**रायगढ़।** छ.ग. शासन के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर और राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल डॉ.मीणा पटेल के मार्गदर्शन में स्थानीय रामभांठा स्थित युवा स्वरोजगार केन्द्र में 13 अक्टूबर को विश्व दृष्टि दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 65 हितग्राहियों का नेत्र और सामान्य बीमारियों का परीक्षण कर आश्यकतानुसार उन्हें दवाईयां और चश्में का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ.काकोली पट्नायक, कृष्णपुरी गोस्वामी और अर्जुन बेहरा व अनुप कुमार पटेल के द्वारा सभी हितग्राहियों को नेत्र संबंधित सामान्य बीमारियों और सावधानियों के बारे में बताया गया। इस दौरान विजय लक्ष्मी समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष माया, संचालक राजेश पटेल व अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

### आवेदनों के निराकरण हेतु अपर कलेक्टर पाण्डेय नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने जिले में कालोनियों के विकास हेतु ऑनलाईन स्वीकृति (सिंगल विंडो)से प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण हेतु अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय को आगामी आदेश पर्यन्त नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### समन्वय स्थापित करने अपर कलेक्टर जांगड़े नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने राष्ट्रीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ सुश्री संतन देवी जांगड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा प्रशिक्षण 26 अक्टूबर को

**रायगढ़।** भारत सरकार द्वारा आगामी 26 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक बाढ़ के संबंध में ऑनलाईन वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा प्रशिक्षण एवं टेबल टॉप एक्सरसाइज प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। संबंधित विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित बाढ़ राहत कार्ययोजना के साथ जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# आईडीएफसी फस्ट बैंक के लोन रिकवरी आफीसर से मारपीट कर रूपयों से भरा बैग छीनने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों की लूट की योजना विफल : गिरफ्तार आरोपियों में एक किशोर बालक भी
- जूटमिल क्षेत्र के हैं सभी आरोपी, प्लानिंग के साथ थाना पूंजीपथरा क्षेत्र के ग्राम पाली के पास की थी लूटपाट
- आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बाइक, स्कूटी और बांस का डंडा जब्त
- आरोपियों का एक साथी रिकवरी आफीसर का मोबाईल लूट कर हुआ फरार, की जा रही पतासाजी



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम पाली के पास बैंक रिकवरी अफिसर से लूटपाट की मिली सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर फरार आरोपियों को पकड़ा गया जिनमें एक विधि के साथ संघर्षरत बालक (17 साल) है जबकि आरोपियों को एक साथी बैंक रिकवरी अफिसर का मोबाइल लेकर फरार है जिसकी गिरफ्तारी के लिये पूंजीपथरा पुलिस रायगढ़ के कई स्थानों पर दबिश दे रही है।

जानकारी के मुताबिक कल दिनांक 13.10.2022 को ग्राम पाली के पास मोटर सायकल सवार व्यक्ति से 5-6 लड़कों द्वारा मारपीट कर लूटपाट करने की सूचना पूंजीपथरा पुलिस को मिला। थाने से सहायक उप निरीक्षक आशिक रात्रे, एएसआई विजय एक्का, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, आरक्षक धर्मेन्द्र सिंह, विरेन्द्र कंवर ग्राम पाली पहुंचे, जहां ग्रामीणों द्वारा लूटपाट करने वाले एक लड़कों को पकड़ कर रखा गया था।

घटना के संबंध में IDFC फस्ट बैंक रायगढ में कलस्टर मैनेजर के पद कार्यरत रिपोर्टकर्ता रमेश गुप्ता पिता गोपाल प्रसाद गुप्ता उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम कन्देबहार थाना फरसाबहार जिला जशपुर द्वारा दिनांक 13.10.2022 को थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाखा में इंद्रसेन सोनी ( उम्र करीब 35 साल) लोन ऑफिसर के पद पर कार्यरत है जो दिनांक 13.10.2022 को इंद्रसेन सोनी लोन कलेक्शन करने के लिये देलारी ,पाली, भुईकुरी, बगबुडा, शिवपुरी तरफ गया हुआ था जिसके साथ ग्राम पाली के पास लूटपाट हो जाने की सूचना मिला। तब ग्राम पाली जाकर देखे पाली गांव में इंद्रसेन जख्मी हालत में मिला जो बताया कि लोन कलेक्शन के बाद पाली होते हुए रायगढ जा रहा था। तब एक स्कुटी और एक बाइक में अज्ञात 6 लड़के पाली के समीप रूपयों से भरे हुए बेग को छिनने की कोशिश किये, विरोध करने पर हाथ-मुक्का, बांस के डंडे से मारपीट कर मोबाइल लूटकर भागने, गांववालों की मदद से एक आरोपी पकड लिया गया बाकी 5 आरोपी फरार हो गये, पकडे हुए आरोपी अपना नाम निखिल क्षत्रिय बताया। आहत रिकवरी अफिसर इंद्रसेन सोनी को ईलाज के लिये तमनार अस्पताल भर्ती कराया गया जिसे रायगढ़ रिफर किया गया है। घटना के संबंध में आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 249/2022 धारा 397 IPC का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

हिरासत में लिये गये आरोपी निखिल क्षत्रिय पूछताछ में बताया कि स्कुटी और साइन बाइक में अपने साथी बंटी पाण्डेय, राकेश मिरी, अनिकेत सारथी, रामेश्वर उर्फ ननकी भारद्वाज और एक साथी (विधि के साथ संघर्षरत बालक) के साथ एक व्यक्ति से मारपीट कर उसका बैग लूटे पर छीन कर भाग नहीं पाए किन्तु उसका साथी बंटी पाण्डेय भगते वक्त उस व्यक्ति का मोबाइल लूटकर भागा है जिसके बाद पुलिस टीम पूंजीपथरा और रायगढ़ में दबिश देकर 4 अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया गया। बंटी पांडेय फरार है। गिरफ्तार आरोपियों के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त स्कूटी एवं एक होंडा मोटरसाइकिल तथा बांस का डंडा जप्त किया गया है। किशोर बालक को बाल न्यायालय तथा शेष 4 आरोपियों को रायगढ़ न्यायालय रिमांड पर पेश किया गया है।

# आयुर्वेद अपनाएं निरोगी जीवन पाए -डॉ.अजय नायक




**रायगढ़।** आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के प्रभारी एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ.अजय नायक ने बताया कि मनुष्य आयुर्वेद शैली को अपने जीवन का हिस्सा बनाने लगे है जैसे दिनचर्या रितु चर्या आहार विधि योग प्रणाली पंचकर्म इत्यादि इस चिकित्सा पद्धति में नकारात्मक प्रभाव नहीं के बराबर है। आज हर घर में आयुर्वेद से संबंधित कुछ ना कुछ होता है लगभग सभी के घरों में हर्बल प्रोडक्ट उपयोग करते हैं। पहले समय में जब किसी को बुखार, खांसी होती थी तो लौंग, इलायची, अदरक, काली मिर्च, तुलसी के पत्ते का काढ़ा बनाकर पीते थे और ठीक हो जाते थे। गर्म पानी का उपयोग करने से गले में छोटी-मोटी परेशानी रहती है वह दूर हो जाती है सरसों के तेल में लहसुन को उबालकर थोड़ा गुनगुना कर कान में डालने से कान का दर्द ठीक होता था। जब शरीर पर कोई चोट लगती है या हड्डियों से संबंधित छोटी-मोटी परेशानी होती है तो दूध में हल्दी डालकर पीते थे जिससे आराम मिलता था। दांतों में कोई समस्या होती थी तो नीम की दातुन का उपयोग करते थे, दांतों में दर्द होता था तो लौंग चबाते थे, जिससे आराम मिलता था। पेट में दर्द होने पर घी और हींग का नाभि पर लेप करते थे एवं गुनगुने पानी में मेथी डालकर हल्का गुनगुना करके पीते थे। अनिद्रा संपूर्ण शरीर दर्द सिर दर्द के लिए या थकान महसूस होती थी तो शरीर पर तेल मालिश करके आराम का अनुभव कर लेते थे त्वचा के रोगों में नीम का प्रयोग करते थे नीम के पत्तों को पानी में उबालकर फिर उसे साफ करके स्नान करते थे। अगर बच्चे का शारीरिक विकास नहीं होता था तो दूध दही सही मात्रा में सेवन करवा करके उससे उसके शरीर को हष्ट पुष्ट बनाने का काम करते थे। शहद, देशी गाय का घी, मौसमी फल, मौसमी सब्जी इत्यादि का प्रयोग हर घर में हमेशा होता था जिससे लोग बहुत कम बीमार पड़ते थे। सब कुछ प्राकृतिक स्रोत होता था और मनुष्य स्वस्थ रहते थे आज एक बार फिर हमें वापस आयुर्वेद को अपनाने की जरूरत है निरोगी जीवन जीने के लिए आयुर्वेद बहुत जरूरी है।

समय के अनुसार परिवर्तन होना स्वाभाविक सी बात है बीच में एक ऐसा दौर आया जहां पर इंसान प्राकृतिक विधाओं से दूर होता गया जिससे वह दिन प्रतिदिन रोगों से ग्रस्त होते चला गया। लेकिन आजकल धीरे-धीरे फिर से उसी जीवन शैली की अपना रहे है एवं प्राकृतिक संपदा का उपयोग कर लोग बढ़ने लगे हैं एवं आयुर्वेद को अपनाने लगे हैं। खास करके यह देखा गया कि कोरोना के समय अधिकांश लोग आयुर्वेदिक को अपनाएं हैं अगर हम उत्तम स्वास्थ्य चाहते हैं तो हमें आयुर्वेद को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाना होगा योग और आयुर्वेद में गहरा संबंध है हमें अपनी दिनचर्या में योग को नियमित रूप से शामिल करना चाहिए। हर दिन मनुष्य को आधा घंटा योगासन करना चाहिए तथा अपने शरीर को स्वस्थ रखने का प्रयास करना चाहिए इसलिए आयुर्वेद अपनाकर स्वास्थ्य जीवन पाए।

# परिवहन सुविधा केन्द्र के लिए 19 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका 2022 जारी किया गया है। इस प्रकार रायगढ़ जिले हेतु लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए 24 परिवहन सुविधा केन्द्र प्राधिकृत करते हुए स्थापित किया जाना है। परिवहन सुविधा केन्द्र को प्रथम चरण में आबंटित किया जा चुका है। शेष बचे परिवहन सुविधा केन्द्र हेतु जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ मिनी स्टेडियम के पास रायगढ़ इच्छित अर्हताधारी आवेदक 200 रूपये विहित शुल्क जमा कर 19 अक्टूबर 2022 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। परिवहन सुविधा केन्द्र हेतु जिले के स्थानीय निवासी को ही प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि व समय के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उक्त सूचना से संबंधित अर्हताएं, नियम एवं शर्त जिला परिवहन कार्यालय रायगढ़ में कार्यालयीन दिवसों में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है या छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जारी परिवहन सुविधा केन्द्र मार्गदर्शिका 2022 का अवलोकन कर सकते है। पूर्व में आवेदन कर चुके आवेदकों का पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

# सखी वन स्टॉप सेंटर की समझाईश से महिला खुशीपूर्वक गई अपने घर

**रायगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना लैलूंगा के माध्यम से प्राप्त प्रकरण में एक महिला को बीते दिनों थाना लैलूंगा से आश्रय हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर लाया गया था। महिला से बातचीत करने पर पता चला कि वह तमिलनाडू की निवासी है जिसे तमिल भाषा का ही ज्ञान है। तत्पश्चात तमिल भाषा के जानकार की मदद से युवती से बातचीत की गयी। युवती ने बताया कि मैं कोंगनापुरम थाना-एडपडी जिला-सेलम (तमिलनाडू) में रहती थी। विवाह को 8 वर्ष हो चुके है वर्तमान में उसके 2 बच्चे है। विवाह के कुछ वर्ष बाद पति द्वारा महिला पर शंका कर मारपीट किया जाता था। महिला पति के मारपीट से परेशान होकर मायके जाया करती थी। परंतु महिला को माता-पिता से भी कोई सहायता नहीं मिलने से वह एक युवक के साथ 20 दिन पूर्व ही घर में बिना किसी को जानकारी दिए निकल गई। महिला के पति व पिता को जानकारी मिलने पर उन्होंने संबंधित थाना में इसकी लिखित सूचना दी। पुलिस की सहायता से महिला के मोबाईल को ट्रेस कर पता लगाया गया। महिला जिस युवक के साथ गयी थी वह युवक उसे रायगढ़ जिले के लैलूंगा लेकर आ गया था। जिसके बाद महिला के पिता आवेदिका को लेने लैलूंगा पहुंचे व थाना लैलूंगा के माध्यम से पतासाजी किया गया। महिला के पिता अपने पुत्री को समझाईश दिलाकर साथ ले जाना चाहते थे। परंतु महिला साथ जाना नहीं चाहती थी। तत्पश्चात लैलूंगा थाने द्वारा जानकारी दी गई कि तमिलनाडू पुलिस महिला को लेने आ रही है। तत्पश्चात तमिलनाडू पुलिस महिला के पति व महिला आरक्षक के साथ सखी सेंटर रायगढ़ पहुंचे। सखी सेंटर द्वारा युवती से तमिल भाषा के जानकार के माध्यम से बातचीत कर समझाया गया। काफी समझाईश के बाद महिला वापस जाने को राजी हुयी। महिला को उसके पिता के सुपुर्द किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही जिला कार्यक्रम अधिकारी व महिला संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन पर किया गया।

# छत्तीसगढ़ सरकार ने दीवाली के पहले कर्मचारियों को दिया तोहफा, डीए में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी : मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

- प्रदेश में अब सातवें वेतनमान वालों को 33 प्रतिशत और छटवें वेतनमान वालों को 201 प्रतिशत डीए मिलेगा



**रायपुर (आरएनएस)** । राज्य सरकार ने दीपावली के पहले प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों को 5 प्रतिशत डीए (महंगाई भत्ता) वृद्धि की सौगात दी है। मुख्यमंत्री और वित्त विभाग के भारसाधक मंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर वित्त विभाग ने आज डीए में बढ़ोतरी का आदेश जारी कर दिया है। डीए की बढ़ी हुए दर चालू अक्टूबर माह से ही प्रभावी होगा। बढ़े हुए महंगाई दर की राशि का 1 अक्टूबर 2022 से नगद भुगतान किया जाएगा। डीए में पांच प्रतिशत की वृद्धि के बाद प्रदेश में सातवें वेतनमान से वेतन पाने वालों को 33 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। महंगाई भत्ते में वृद्धि का यह आदेश यूजीसी, एआईसीटीई और आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारियों के लिए भी लागू होगा।

राज्य शासन ने छठवें वेतनमान से वेतन पाने वालों की महंगाई भत्ते में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अब उन्हें 189 प्रतिशत महंगाई भत्ते की जगह 201 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। वित्त विभाग ने राज्य शासन के सभी विभागों, अध्यक्ष, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को महंगाई भत्ते में वृद्धि के संबंध में परिपत्र जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों को अगस्त-2022 से 28 प्रतिशत की दर से डीए का भुगतान किया जा रहा था। वहीं छटवें वेतनमान वालों को 189 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा था।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480